दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 08/07/23	पृष्ठ सं० (Page No). III	क्रम सं०(Serial No.) 01

सम्मानित किया जाना गर्व की बात : शील वर्धन

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: सीजीओ कांपलेक्स स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मुख्यालय में शुक्रवार को 90 अधिकारियों और कर्मचारियों को बल के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने सम्मानित किया। यह सम्मान सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए अग्निशमन सेवा पदक और केंद्रीय गृह मंत्री के पुलिस प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए पदक के लिए दिया गया।

अधिकारियों को सम्मानित करते बल के महानिदेशक शील वर्धन सिंह • सौ. सीआइएसएफ

बल के प्रवक्ता अपूर्व पांडेय ने बताया कि 90 अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह के दौरान सीआइएसएफ के महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने अधिकारियों और कर्मियों को पुलिस पदक एवं केंद्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया। उन्हें यह पदक गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और अन्य अवसरों पर भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए हैं। महानिदेशक ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इस तरह के प्रतिष्ठित पदक से सम्मानित किया जाना बल के लिए बहुत गर्व की बात है। विभिन्न अवसरों पर सीआइएसएफ बल के कर्मियों को 13 हजार से अधिक पुरस्कार और पदकों से सम्मानित किया गया है। पदक पाने वालों में नीना सिंह (विशेष महानिदेशक, मुख्यालय), पीयूष आनंद (अपर महानिदेशक, उत्तर), ज्ञानेंद्र सिंह मलिक (अपर महानिदेशक, एपीएस) समेत कई अधिकारी और कर्मचारी हैं।